University in News on 14 June 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : शोध में भी छात्रों के बराबर पहुंचीं बेटियां

शैक्षणिक सत्र 2022-23 के पीएचडी दाखिलों का ब्योरा किया गया जारी

माई सिटी रिपोर्टर

1244 में से 874 सीटों पर हुए दाखिले, 874 में 448 छात्र और 426 छात्राएं

लखनऊ। स्नातक और परास्नातक स्तर पर प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली बेटियां शोध में भी जलवा बिखेरने को तैयार हैं। लविवि प्रशासन ने हाल ही में संपन्न सत्र 2022-23 के पीएचडी दाखिलों का ब्योरा मंगलवार को जारी किया। इसमें बेटियों ने करीब 50 फीसदी सीटों पर कब्जा जमाया है।

विवि ने 39 विभागों में पीएचडी की 1244 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन मांगे थे। इनमें से 874 सीटों पर दाखिले हुए हैं। पीएचडी की 874 रेग्युलर सीटों पर दाखिला लेने वालों में 448 छात्र और 426 छात्राएं हैं। इसी तरह कॉलेज शिक्षकों के लिए सुपर न्यूमेरिक सीटों पर 19 महिला और 22 पुरुष शिक्षकों के दाखिले हुए हैं। पार्ट टाइम पीएचडी में 12 पुरुष और दो महिला अभ्यर्थियों को दाखिला मिला है। सिर्फ इसी में पुरुष और महिला अभ्यर्थियों की संख्या में बड़ा अंतर है।

पीएचडी के कई विषयों में सीट के बराबर भी अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सफल नहीं हो सके। फिजिक्स की 125 सीटों के लिए सिर्फ 29 अभ्यर्थी सफल हुए थे। केमिस्ट्री की 98 सीट पर 44 और जूलॉजी की 139 सीट पर केवल 43 अभ्यर्थी, फ्रेंच की दो सीट पर एक, पाश्चात्य इतिहास की 37 सीट पर 21, पर्शियन की 14 सीट पर चार, एआईएच की 31 सीट पर 22 और अरेबिक व अरब कल्चर की 19 सीट पर नौ अभ्यर्थी ही सफल हुए थे। इसके बाद काफी अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल नहीं हुए। कई ने तो साक्षात्कार देने के बाद फीस नहीं जमा की।

विषय	सीट	प्रवेश	विषय	सीट	प्रवेश
प्राचीन भारतीय इतिहास	31	20	लाइब्रेरी साइंस	5	5
मानव शास्त्र	2	6	भाषा विज्ञान	2	2
अप्लाइड इकोनॉमिक्स	24	24	मैथमेटिक्स	7	7
अरेबिक एंड अरब कल्चर	19	6	मध्यकालीन भारतीय इतिहास	8	9
बायोकेमिस्ट्री	9	9	ओरिएंटल संस्कृत	3	3
बॉटनी	22	19	पर्शियन	14	4
बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन	15	15	फिलॉसफी	15	15
केमिस्ट्री	98	22	फिजिकल एजूकेशन	45	45
कॉमर्स	63	59	फिजिक्स	125	18
डिफेंस स्टडीज	2	2	पॉलीटिकल साइंस	41	41
इकोनॉमिक्स	27	27	सायकोलॉजी	10	10
एजूकेशन	145	143	पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन	6	6
इंग्लिश	36	34	संस्कृत	35	34
फ्रेंच	2	1	सोशल वर्क	2	2
जियोग्राफी	9	9	सोश्योलॉजी	59	58
जियोलॉजी	10	6	सांख्यिकी	13	13
हिंदी	104	101	उर्दू	5	5
होम साइंस	11	11	वेस्टर्न हिस्ट्री	37	18
लॉ	36	36	जूलॉजी	139	29

हॉस्टल की विदेशी छात्राओं को कराया योगासन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि के निवेदिता छात्रावास में मंगलवार सुबह विदेशी छात्राओं के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ। इन्हें संवेदनशीलता, याददाश्त, मनोबल बढ़ाने वाले आसन करवाए गए।

उधर, प्रो. राधाकमल मुखर्जी सभागार में दिव्य संगीत योग हुआ। इसमें आकाश राजपूत, अभिषेक राजपूत, कृष्णा राजपूत, सत्यम शर्मा, दिव्या उपाध्याय, स्निग्धा मालवीया और श्रेया अग्रहरी ने छात्रों के साथ योग किया। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अवसर पर डीन अकादमिक प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट डॉ. अनूप सिंह आदि थे।



लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता छात्रावास में विदेशी छात्राओं को कराया गया योगाभ्यास। -संवाद

षट्कर्म से निरोग रहने के उपाय बताए

लखनऊ। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन लखनऊ विश्वविद्यालय एवं इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंस ने नवीन परिसर योग फैकल्टी में योगिक षट्कर्म विषय पर कार्यशाला की। मुख्य वक्ता प्रशांत शर्मा ने कहा, जलनेति से सिरदर्द, साइनोसाइटिस, जुकाम, अनिद्रा और कुंजल क्रिया से अपच, हाइपर एसिडिटी में लाभ मिलता है। बस्ती क्रिया से कब्ज, आंतों की सफाई की जा सकती है। त्राटक से अनिद्रा, एकाग्रता में कमी दूर की जा सकती है। कपालभाति से कपालरंध्र को शोधित किया जा सकता है। उन्होंने षटकर्म क्रिया की सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया। कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव सहित अध्यापक, योग प्रशिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 7

पीएचडी रेगुलर में 370 सीटें खाली रहीं

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी 2022 के तहत रेगुलर व पार्ट टाइम में एडमिशन प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। रेगुलर की 1244 सीटों पर 370 और पार्ट टाइम की 50 सीट में 36 सीटें खाली रह गई हैं। इन सीटों पर एलयू को योग्य उम्मीदवार नहीं मिल सका है। पीएचडी रेगुलर में 874, पार्ट टाइम में 14 और सुपर न्यूमेरिक में 41 दाखिले हो सके हैं। एलयू प्रशासन के अनुसार दाखिले में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं।

एलयू द्वारा रेगुलर पीएचडी में 1244 सीट पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसके लिए 70 नंबर की लिखित परीक्षा और 30 अंक का साक्षात्कार रखा गया था। जिसमें चुनकर गए शोधार्थियों ने दाखिला लिया। रेगुलर पीएचडी-2022 में सबसे अधिक सीटें भौतिक व जंतु विज्ञान में खाली रही। भौतिक की 125 सीटों पर मात्र 18 और जंतु विज्ञान की 139 सीटों पर सिर्फ 29 दाखिले ही हुए हैं। पार्ट टाइम पीएचडी में भी कई सीटें खाली हैं। इस बाबत एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि कुछ विषयों में ही योग्य उम्मीदवार नहीं मिल सके हैं।

100 स्थानों पर योग शिविर लगाया जाएगा

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार से शहर में 100 स्थानों पर योग शिविर लगाया जाएगा। इसमें ऑबेसिटी, मधुमेह, दमा, उच्च रक्तचाप और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित व्यक्तियों को मुफ्त में परामर्श भी दिया जाएगा। एलयू के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन द्वारा 14 से ोग शिविर का आयोजन होगा। कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि पंजीकरण व जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति एलयू वेबसाइट या फैकल्टी से संपर्क कर सकते हैं। निवेदिता छात्रावास में अंतरराष्ट्रीय छात्राओं ने योग सत्र में भाग लिया।

i-NEXT PAGE 6

एलयू के निवेदिता हॉस्टल में छात्राओं ने किया योग

LUCKNOW (13 June): निवेदिता हॉस्टल में छात्राओं के लिए योग का विशेष सत्र आयोजित हुआ. इस सत्र में हॉस्टल में रह रहीं छात्राओं ने योग किया. इसके अलावा एलयू के राधा कमल मुखर्जी हॉल में आकर्षक दिव्य संगीत योग का आयोजन किया गया, इसमें आकाश राजपूत, अभिषेक राजपूत, कृष्णा राजपूत, सत्यम शर्मा, दिव्या उपाध्याय, स्निग्धा मालवीया और श्रेया अग्रहरी शामिल व अन्य शामिल हुए.

JAGRAN CITY PAGE I & III

महिला अभ्यर्थियों से भरीं 50 प्रतिशत पीएचडी की सीटें

1294 रेगुलर और पार्टटाइम पीएचडी की सीटों में से 888 पर हुए प्रवेश

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 की पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस बार रेगुलर और पार्टटाइम की 1294 सीटों के सापेक्ष 888 दाखिले हुए। इनमें भी 50 प्रतिशत सीटों पर महिला अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है। रेगुलर की 370 और पार्टटाइम की 36 सीटें खाली रह गईं। भौतिक विज्ञान, जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान जैसे विषयों में विश्वविद्यालय को पर्याप्त अभ्यर्थी न मिलने से सबसे ज्यादा सीटें खाली रहीं। मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन से विषयवार हुए पीएचडी प्रवेश की रिपोर्ट जारी की।

लवि ने जनवरी में सत्र 2022-23 के पीएचडी दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। रेगुलर में 39 विषयों में 1244 और पार्ट टाइम के 16 विषयों में पीएचडी की 50 सीटें निर्धारित की गईं। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि मानव शास्त्र, एप्लाइड इकोनामिक्स, बायो केमिस्ट्री, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, रक्षा अध्यक्ष, अर्थशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, विधि, लाइब्रेरी साइंस, भाषा विज्ञान, गणित, एमआइएच, पाश्च संस्कृत, दर्शनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, समाज कार्य, सांख्यिकी, उर्दू की पूरी सीटें भर गईं।

इनमें सीटें खाली : रसायन विज्ञान में 98 में 22, पाश्चात्य इतिहास में 37 में से 18, भौतिक विज्ञान में 125 में से 18 और जंतु विज्ञान 139 में 29 सीटें नहीं भर पाईं।

इन विषयों में सीटें खाली

विषय	रेगुलर सीट	प्रवेश
हिन्दी	104	101
एआइएच	31	20
अरेबिक, अरब कल्चर	19	छह
वनस्पति विज्ञान	22	19
कामर्स	63	59
शिक्षा शास्त्र	145	143
अंग्रेजी	36	34
भूगर्भ विज्ञान	10	छह
पर्शियन	14	चार

पार्ट टाइम पीएचडी में प्रवेश

अंग्रेजी में आठ के सापेक्ष एक, हिन्दी में तीन में से दो, सांख्यिकी मे आठ मे तीन, जंतु विज्ञान मे तीन मे एक सीट भरी। पर्शियन, केमिस्ट्री, भौतिक विज्ञान, व्यावहारिक अर्थशास्त्र, व्यापार प्रशासन, ललित कला चित्रकला, अरेबिक एवं अरब कल्चर में कोई अभ्यर्थी नहीं मिला।

आज से 100 स्थानों पर लवि के योग शिविर

कल तक दें योग में शामिल होने वाले प्रतिभागियों की संख्या

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा। कुलसचिव संजय मेधावी ने सभी महाविद्यालयों को पत्र जारी कर 15 जून को दोपहर दो बजे तक योग दिवस में प्रतिभाग करने वाले लोगों की संख्या, मुख्य अतिथि योगाचार्य का विवरण गूगल लिंक http://froms.gle/d6WyXqhuliZM8 पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय बुधवार से परिसर सहित शहर भर में 100 जगह मुफ्त योग शिविर का आयोजन करेगा। इस पहल का नेतृत्व योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय की ओर से किया जाएगा। लवि के द्वितीय परिसर में सुबह सात से आठ और अन्य जगहों पर सुबह छह से सात बजे तक शिविर लगेगा।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि योग शिविर की सफलता के लिए योग संकाय के डीन प्रो. एसके सोनकर और का प्रयास महत्वपूर्ण है। 14 जून से 21 जून तक होने वाला योग शिविर मोटापा, मधुमेह, दमा, उच्च रक्तचाप और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित व्यक्तियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें शामिल होने के लिए योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय से संपर्क कर सकते हैं। कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने बताया कि केसिया पार्क नंबर-चार जानकीपुरम, पिकनिक स्पाट पार्क कुकरैल, नैपियर रोड पार्क, सहारा स्टेट क्लब, रेलवे कालोनी पार्क, श्री रामलीला समिति, सेक्टर-सी महानगर, लेबर कालोनी पार्क, गुलाब पार्क महानगर सहित 100 जगह शिविर लगेगा। इन शिविरों का समय सुबह छह से सात बजे तक रहेगा।

षट्कर्म क्रिया से रह सकते हैं निरोग: लवि के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से आयोजित योगिक षट्कर्म विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ प्रशांत शर्मा ने बताया कि शरीर की आंतरिक सफाई षट्कर्म के माध्यम से की जा सकती है। इसमें छह प्रकार की क्रियाएं जैसे धौती, नेति, बस्ती, न्यौली, त्राटक, कपालभाति होती है।

योग से ही रहेंगे निरोगी : लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता हास्टल में सुबह विशेष योग अभ्यास किया गया। इसमें छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। स्वस्थ रहने के लिए योग को आवश्यक बताया गया। योग अभ्यास में संवेदनशीलता, याददाश्त, मनोबल बढ़ाने के लिए व्यायाम सिखाए गए। सुबह राधा कमल मुखर्जी हाल में दिव्य संगीत योग का अभ्यास किया गया। इसमें आकाश, अभिषेक, कृष्णा, सत्यम शर्मा, दिव्या उपाध्याय, स्निग्धा मालवीय और श्रेया अग्रहरि शामिल हुए।

THE PIONEER PAGE 2

INTERNATIONAL DAY OF YOGA

The University of Lucknow organised a series of events to commemorate the 9th International Day of Yoga under the directions and guidance of Governor Anandiben Patel and Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai. The Faculty of Yoga and Alternative Medicine took charge of the proceedings and presented two distinct activities promoting the benefits of yoga and holistic well-being. The morning began with a special yoga session tailored for international students, hosted at the Nivedita Hostel. The session provided international students with an opportunity to alleviate stress and enhance their physical and mental health through yoga. The session included exercises aimed at boosting concentration, memory, happiness, and satisfaction.

Following the morning session, LU presented divine musical yoga in the Radha Kamal Mukerjee Auditorium. Artistes, including Akash Rajpoot, Abhishek Rajpoot, Krishna Rajpoot, Satyam Sharma, Divya Upadhyay, Snigdha Malviya, and Shreya Agrahri, joined forces with the students of the university to deliver an extraordinary experience. DSW Prof Poonam Tandon expressed her delight at the successful execution of both the events.

NBT PAGE 4

स्वास्थ्य के लिए योग ज़रूरी

■ **एनबीटी सं., लखनऊ:** एलयू के निवेदिता हॉस्टल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय छात्राओं के लिए विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ। इसमें तनाव कम करने, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुधारने में मददगार योगासन करवाए गए। वहीं, विवि के राधा कमल मुखर्जी हॉल में आकर्षक संगीत योग का आयोजन भी हुआ। इसमें आकाश राजपूत, अभिषेक राजपूत, कृष्णा राजपूत, सत्यम शर्मा, दिव्या उपाध्याय, स्निग्धा मालवीया, श्रेया अग्रहरी जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने स्टूडेंट्स के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, योग फैकल्टी के डीन प्रो. एके सोनकर, डॉ. अमरजीत यादव और सहायक प्रवोस्ट डॉ. मोहिनी गौतम सहित कई लोग मौजूद रहे। उधर, एकेटीयू में फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने मंगलवार को स्टूडेंट्स एवं कर्मचारियों के लिए योग सत्र का आयोजन किया। इवहीं, गोमतीनगर के दिव्य ज्योति योग साधना केंद्र में सेवानिवृत्त अपर प्रमुख वन संरक्षक अतुल जिंदल ने बच्चों को योग का महत्त्व बताया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में मुफ्त योग शिविर आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 14 से 21 तक होगा आयोजन विशेषज्ञ देंगे परामर्श

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशन लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से एक मुफ्त योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का नेतृत्व योग और वैकल्पिक चिकित्सा के संकाय के द्वारा किया जा रहा है, जो कैम्पस से समुदाय कार्यक्रम का हिस्सा है। वहीं 14 से 21 तक चलने वाला यह एक सप्ताह का योग शिविर आपको योग के लाभों को ग्रहण करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा।

महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शिविर पूरी तरह से मुफ्त है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय ने योग को सभी तक पहुंचने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। यह योग शिविर ऑबेसिटी, मधुमेह, दमा, उच्च रक्तचाप और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित व्यक्तियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें शामिल होने वाले लोगों को उत्साहजनक योग सत्रों में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, साथ ही उन्हें विशेष आवश्यकताओं के अनुसार विशेषज्ञ परामर्श भी मिलेगा।

VoL PAGE 6

लविवि में नि:शुल्क योग शिविर शुरू

लखनऊ।लविवि द्वारा एक मुफ्त योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का नेतृत्व योग और वैकल्पिक चिकित्सा के संकाय के द्वारा किया जा रहा है, जो कैम्पस से समुदाय कार्यक्रम का हिस्सा है। यह शिविर राजधानी में 100 विभिन्न स्थानों पर सुबह छह से सात के बीच आयोजित होंगे। 14 से 21 जून तक चलने वाला यह एक सप्ताह का योग शिविर आपको योग के लाभों को ग्रहण करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शिविर पूरी तरह से मुफ्त है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय ने योग को सभी तक पहुंचने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

लविवि में छात्रों को बताये योग के लाभ

लखनऊ। लविवि 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय ने इस कार्यक्रम का संचालन किया और योग के लाभ और संपूर्ण कल्याण को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को दो अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया। प्रातःकाल के कार्यक्रम का शुरुआत अंतरराष्ट्रीय छात्राओं के लिए निवेदिता हॉस्टल में विशेष योग सत्र के आयोजन से किया गया। यह सत्र छात्रों के लिए तनाव को कम करने और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने का एक अवसर प्रदान करता है। ध्यानपूर्वक तैयार किए गए इस सत्र में संवेदनशीलता, याददाश्त, मनोबल और संतुष्टि जैसी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए व्यायाम शामिल थे।

HT PAGE 6

LU's free yoga camp to begin today

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

LUCKNOW: The University of Lucknow is organising a free yoga camp at 100 different locations in Lucknow from Wednesday (June 14). This initiative is spearheaded by the Faculty of Yoga and Alternative Medicine, as part of the Campus to Community programme, aimed at promoting yoga and alternative therapies among the public.

The week-long yoga camp ending on June 21, will offer individuals a unique opportunity to embrace the transformative power of yoga. The camp is free of charge, reflecting the university's commitment to making yoga accessible to everyone, said vice chancellor, Prof Alok Kumar Rai.

The camp holds promise for individuals grappling with health conditions such as obesity, diabetes, asthma, high blood pressure, and joint issues. Participants will have the chance to not only engage in rejuvenating yoga sessions but also receive expert consultations tailored to their specific needs. "The efforts of the dean faculty of yoga, Prof SK Sonkar, and Amarjeet Yadav are instrumental in ensuring that the camp will be a valuable experience for the public. Their expertise and dedication are integral to the success of this transformative event, which aims to empower individuals and enhance their well-being through yoga," said LU spokesperson, Durgesh Srivastav.

The week-long yoga camp will go on till June 21. SOURCED

Meanwhile, as a precursor to the week-long observances, Tuesday began with a special yoga session tailored for international students and hosted at the Nivedita Hostel.

The carefully curated session encompassed exercises aimed at boosting concentration, memory, overall happiness, and satisfaction. Following the invigorating morning session, LU presented Divine Musical Yoga in the grand Radha Kamal Mukerjee Auditorium.

A group of artistes joined the students to deliver an extraordinary experience. This unique fusion of music and yoga aimed to harmonise the body, cultivate physical harmony and bliss, and instill enthusiasm and gaiety among participants. Through this practice, the body's control system grows stronger, while one's understanding of the body and the concept of karma deepens. Dean Student Welfare Prof Poonam Tandon graced the occasion and expressed delight at the successful execution of both events.